हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 7 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 25 .0 डिग्री
न्यूनतम 6 .0 डिग्री

12 नेशनल हाइवे के कट बंद करने का कार्य तेज पेट्रोल पंप और ढाबा...



12 आशा वर्कर्स ने ली आभा आईडी की ट्रेनिंग



## खबर संक्षेप

### संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोपी काबू

**बावल।** कसोला थाना पुलिस ने पातुहेड़ा में रास्ता रोककर धमकी देने व संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में दर्ज मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत के आधार पर गत 1 फरवरी को गांव के कई लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज यिा था।

### मारपीट मामले में 6 आरापी किए गिरफ्तार

**बावल।** तिवाड़िया चौक के पास हुए झगड़े के बाद दर्ज मामले में पुलिस ने महिला सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ गत 1 फरवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था।

### शांति भंग करने के आरोपी में दो काबू

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सनसिटी सोसायटी में शांति भंग करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सोसायटी में दो युवक आपास में झगड़ा करते हुए लोगों की शांति भंग कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों को काबू कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी सनसिटी में रह रहे मूल रूप से यूपी के गंसरा निवासी चांदबाबू और सौरभ हैं। रात को हवालात में बंद रखने के बाद दोनों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर दिया। जमानत मिलने के बाद दोनों को रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**कोसली।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ति करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत मिलने के बाद दोनों पक्षों को कई बार थाने बुलाकर काउंसलिंग कराई थी, ताकि उनके बीच समझौता हो सके। दोनों पक्षों में समझौते पर सहमति नहीं बनने के कारण पुलिस ने गत 4 जनवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में सिरसा के हरिपुर निवासी रंजीत को गिरफ्तार किया व बाद में उसको बेल पर रिहा कर दिया गया।

### शहर के मेन बाजार, कॉलोनियों और पार्कों में रखे जाएंगे डस्टबिन

# दो साल बाद शहर की सड़कों पर नजर आएंगे डस्टबिन,अनावश्यक कचरा प्वाइंट होंगे खत्म

**शहर को स्वच्छ बनाने के लिए करीब 50 लाख रुपये से 230 स्टैंड डस्टबिन, 20 बड़े डस्टबिन, 60 रेहडियां और 30 रिक्शा खरीदे गए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। नगर परिषद की ओर से इस बार डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए 5 साल का 21 करोड से अधिक का टेंडर किया गया है, लेकिन अभी कचरा कलेक्शन के लिए फर्म का वर्क ऑर्डर नहीं हुआ है। नगर परिषद की ओर से जल्द ही शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है। दो साल से अधिक समय से शहर की सड़कों पर एक भी डस्टबिन नहीं है, जिससे लोगों ने अनावश्यक कचरा प्वाइंट बना लिए है। अब नगर परिषद ने शहर की सड़कों पर फिर डस्टबिन लगाने की तैयारी कर ली है। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए करीब 50 लाख रुपये की लागत से 230 स्टैंड वाले डस्टबिन, 20 बड़े डस्टबिन, 60 रेहड़ियां और 30 रिक्शा खरीदे गए हैं। छोटे डस्टबिनों को बाजार और पार्कों में लगाया जाएगा, जबकि बड़े डस्टबिन मेन कचरा प्वाइंट पर रखे जाएंगे। शहर में भीड़ भाड़ वाली जगहों की अधिकता होने के कारण रेहड़ियां और रिक्शा तंग गलियों से घर-घर जाकर कचरा उठान करने में काम आएंगी। इससे से खुले में कचरा फेंकने पर रोक लगेगी और शहर की सफाई व्यवस्था सुधरने में सहयोग मिलेगा। सफाई होने से शहरवासियों को बीमारियों से भी निजात मिलेगी।



रेवाड़ी। डस्टबिन न होने पर कोनसीवास रोड पर बना अनावश्यक कचरा प्वाइंट।




### सितंबर 2023 से नहीं है शहर में डस्टबिन

नगर परिषद के अधिकारियों के अनुसार डस्टबिन शहर के मुख्य बाजार, कॉलोनी-मोहल्लों और पार्कों में लगाए जाएंगे, जिससे खुले में कचरा फेंकने पर काफी हद तक अंकुश लगेगा और कचरा एक ही स्थान पर एकत्रित होगा। शहर की सड़कों पर से सितंबर 2023 के बाद से डस्टबिन नहीं है। डस्टबिनों के हटाए जाने से सड़कों पर ही कचरा डाला जा रहा था। शहर के लिए करीब 500 डस्टबिनों की जरूरत है। अब नए डस्टबिन आने से सड़क पर कचरा फैलने डाले जाने की समस्या में काफी हद तक कमी दर्ज होगी। जिससे शहर में सफाई बढ़ेगी।

### मुख्य मार्गो पर फैल रहा कचरा

पिछले दिनों शहर में काफी अनावश्यक कचरा प्वाइंट एक्टिव हो चुके है। शहर की बढ़ती आबादी के हिसाब से घरों से प्रतिदिन निकलने वाला कचरा भी बढ़ गया है। शहर के वार्डो से पूरी तरह डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन नहीं होने के कारण लोग सड़कों पर कचरा डाल रहे है। शहर के सरकुलर रोड स्थिति अंबेडकर चौक, नाईवाली चौक के पास, डाकखाने के पास, यादव धर्मशाला के पास, तहसील के सामने, गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्मशान घाट के पास, कोनसीवास रोड व मिनी बाइपास पर जगह-जगह कचरा प्वाइंट बन चुके है।

### सफाई कर्मचारियों की भी जरूरत

शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए करीब 600 सफाई कर्मचारियों की जरूरत है। वर्तमान में शहर की कॉलोनियों, मौहल्लों बाजार व मुख्य मार्गो पर 322 कर्मचारी सफाई कार्य संभाल रहे है, जिनमें 109 कर्मचारी ही नियमित है बाकि ठेके पर लगे हुए है।

### सार्वजनिक स्थानों पर रखे जाएंगे डस्टबिन

शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए डस्टबिन व अन्य उपकरण खरीदे गए है। जल्द ही डस्टबिन सेक्टरों व मेन बाजार सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर रखे जाएंगे। लोग डस्टबिन का सही उपयोग करें तो शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जा सकता है।

-कुशल कुमार, जेई नगर परिषद।

# डीटीपी का अवैध निर्माणों पर एक्शन, कॉलोनियां की ध्वस्त



रेवाड़ी। बीकानेर में अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को शहरी क्षेत्र की राजस्व सीमा में तीन जगह करीब 16 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-धारूहेड़ा रोड पर गुप्ता मेटल फ्रैक्ट्री के पास पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 4 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का ध्वस्त कर दिया। टीम ने 18 डीपीपी, 3 चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया। इसके अलावा डीटीपी की टीम ने रेवाड़ी-झज्जर रोड पर गांव बीकानेर में करीब 8 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की। टीम ने अवैध कॉलोनी में 8 डीपीसी व कच्चे रोड नेटवर्क पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। टीम ने यहां 24 डीपीपी, 10 परकास्ट चारदिवारी, 1 अवैध निर्माण व कच्चे रोड नेटवर्क पर कार्रवाई की। पुलिस बल की मौजूदगी में डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।

### अवैध कॉलोनियों में न खरीदें प्लॉट : सिहाग

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को यिमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

# फायरिंग की सूचना ने उड़ाई पुलिस की नींद, नहीं मिले साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार अर्धरात्रि चिल्हड़ गांव में फायरिंग की सूचना ने थाना सदर पुलिस की नींद उड़ा दी। गांव में पहुंच पुलिस ने फायरिंग के साक्ष्य जुटाने में लगभग 2 घंटे का समय लगाया, लेकिन गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई। इसके बाद पुलिस को बैरंग लौटना पड़ा। अब पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से सूचना की तह तक जाने के प्रयास कर रही है। गांव के दो युवकों रमन और कपिल के बीच किसी बात को लेकर बीते वीरवार को झगड़ा हो गया था। झगड़े की शिकायत थाना सदर पुलिस को दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को शुक्रवार को थाने बुलाया हुआ था। रात को करीब 2 बजे रमन ने डायल-122 पर सूचना दी कि उसके घर के बाहर कपिल फायरिंग करके फरार हो गया है। पुख्ता सबूत नहीं मिलने पर पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा।

# ज्वाइंट खाते से 30 लाख किए ट्रांसफर, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

भैरामपुर गांव के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर जालसाजी कर ज्वाइंट बैंक खाते से 30 लाख रुपए अपने व्यक्तिगत खाते में ट्रांसफर कराने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। सेवानिवृत्त सैनिक हरिओम यादव कोसलिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी आगामी 12 मार्च को तय कर रखी है। उसके लिए उन्होंने इसी एक जनवरी को अपनी पुश्तैनी जमीन और ट्यूबवेल बेचा था, जिसकी 34 लाख रुपए की राशि खरीदार ने आरटीजीएस के द्वारा उनके ज्वाइंट खाते में जमा कराए गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि 9 जनवरी की शाम उनकी पत्नी मुकेश ने बैंक कर्मियों के साथ साज-बाज होकर 30.28 लाख रुपये अपने पालम विहार शाखा में ट्रांसफर करा लिए।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में मंडल रोजगार मेला 10 को

**रेवाड़ी।** मंडल रोजगार कार्यालय गुरुग्राम और केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ की ओर से हरियाणा युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग राज्यमंत्री गौरव गौतम की अध्यक्षता में 10 फरवरी को सुबह 10 बजे मंडल स्तर के मेगा रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में आयोजित रोजगार मेले में 30 से अधिक कंपनियां भाग ले रही है। सहायक जिला रोजगार अधिकारी दिनेश तंवर ने बताया कि रोजगार मेले में 10वीं, 12वी, स्नातक में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीटेक, बीसीए, बीबीए, बीफार्मा तथा स्नातकोत्तर में एमए, एमकॉम, एमएससी, एमटेक, एमबीए, एमसीए, एम फार्मा व डिप्लोमा पास बेरोजगार प्रार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रार्थी अपने रोजगार कार्यालय का पहचान पत्र, योग्यता के दस्तावेज व रिज्यूम के साथ मेले का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। राज्य सरकार की ओर से विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से निरंतर योजनाएं लागू की जा रही है। प्रदेश के विश्वविद्यालय, कॉलेजों, आईटीआई और पॉलटेक्निक संस्थानों में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। सहायक जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले के जिन प्रार्थियों का पंजीकरण रोजगार कार्यालय में नहीं है वे भी रोजगार विभाग के पोर्टल एचआरईएक्स.जीओवी.इन पर पंजीकरण करने उपरांत रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं।

# शिविर की शिकायतों का जल्द करें निवारण: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लघु सचिवालय सभागार में शुक्रवार को समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर डीसी अभिषेक मीणा ने अधिकारियों को समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए निवारण करने के निर्देश दिए। इससे पहले आबकारी एवं कराधान विभाग की सचिव आशिमा बराड़ ने वीसी के माध्यम से प्रदेश सभी जिलों के डीसी व अन्य अधिकारियों के साथ शिकायतों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी मीणा ने कहा कि समाधान शिविर में आईं शिकायतों को लंबित न रखते हुए प्राथमिकता से निवारण किया जाए।डीसी ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई करें।



# प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को तेजी से विस्तार दे रहीं मंत्री आरती रावः अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वरिष्ठ भाजपा नेता व इंसाफ मंच के आजीवन सदस्य अनिल रायपुर ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव स्वास्थ्य सेवाओं को तेजी से विस्तार देने का कार्य कर रही हैं, ताकि आमजन को सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। झाबुआ में आयुष औषधालय को स्वीकृति दिलाकर आरती सिंह राव ने क्षेत्र में आयुर्वेदिक उपचार को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ाया है। शुक्रवार को एक बयान में अनिल रायपुर ने कहा कि उन्होंने झाबुआ में आयुर्वेदिक औषधालय खुलवाने के लिए खुद स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया था। इस क्षेत्र में आयुर्वेदिक औषधालय की कमी काफी समय से खल रही थी। आरती सिंह राव ने क्षेत्र के लोगों की मांग को प्रमुखता से लेते हुए प्रदेश सरकार से इसकी मंजूरी दिलाई है। इससे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उन्होंने कहा कि जिले के सरकारी अस्पतालों का कायाकल्प करने पर करोड़ों रुपये की राशि खर्च की जा रही है।



आरती राव



अनिल रायपुर

### 2700 हुई एमबीबीएस सीटें

भाजपा नेता ने कहा कि आरती सिंह राव के प्रयासों से प्रदेश में एमबीबीएस की सीटों को बढ़ाकर 2700 से ज्यादा कर दिया है, वहीं एमडी की सीटों में 100 तक वृद्धि की गई है। मार्च तक एफआरयू की संख्या भी 54 से बढ़कर 100 हो जाएगी। भिवानी और कोरियावास मेडिकल कॉलेज शुरू हुए हैं। उन्होंने कहा कि आरती सिंह राव प्रदेश के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही हैं।

### निकाय चुनावों के आने पर चेयरमैन के इच्छुक नेता हुए एक्टिव

# कल तक दे रहे थे संगठन की दुहाई, अब आई राव की याद

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद और धारूहेड़ा नगर पालिका के चुनाव करीब आ रहे हैं। भाजपा दोनों निकायों में चेयरमैन का चुनाव लड़ने के इच्छुक जूनियर नेता पूरी तरह एक्टिव हो गए हैं। टिकट को लेकर भाजपा में अभी से मारा-मारी शुरू हो चुकी है। पार्टी संगठन से लंबे समय से जुड़े नेता कल तक संगठन से ही टिकट के रूप में कर्तव्यपरायणता के ईनाम की उम्मीद रखे हुए थे। अब ऐसे जूनियर नेताओं ने टिकट का रास्ता वाया रामपुरा ही नजर आने लगा है। ऐसे में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से दूरी बनाए रखने वाले नेताओं के लिए भी उनके दरबार में हाजिरी लगाना मजबूरी बन गया है। इस बार नगर परिषद चेयरमैन का पद अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित हुआ है, जबकि धारूहेड़ा को ओपन रखा गया है। भाजपा में एसी वर्ग से कई ऐसे धुरंधर हैं, जिन्होंने संगठन के लिए लंबे समय से मजबूती से कार्य किया है। इन जूनियर नेताओं को अभी तक उम्मीद थी कि लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का ईनाम उनकी बीवी को टिकट के रूप में मिलेगा। चुनाव करीब आते ही उनका खुद का आत्मविश्वास डगमगाने लगा है। संगठन के प्रति आश्वस्तता के साथ 'छोट दरबार' में हाजिरी लगाते रहे इन नेताओं का रुख 'राव दरबार' की होने लगा है। इन नेताओं को अब राव के 'आशीर्वाद' में ही चेयरमैनी की कुर्सी दिखाई देने लगी है। राव कैंप से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इस समय कई ऐसे जूनियर नेताओं ने आशीर्वाद कि लिए राव दरबार में दस्तक देना शुरू किया हुआ है।




रेवाड़ी। नगर परिषद कार्यालय।



RAJ INTERNATIONAL SCHOOL
Fully Air Conditioned Campus with AC Transport Facility
15 YEARS OF SUCCESS


WALK-IN INTERVIEW
On 8 Feb. 2026 (Sunday) 9 am to 2 pm

Applications are invited from Responsible, Professional and Competent Candidates proficient in IT skills and fluent in English.

SUBJECT HODs — English, Mathematics, Science, Social Studies, Hindi (For Grade 3 to 10)
PGTs — Mathematics, English, Hindi, Computer Science/IT, History, Political Science, Physical Education.
Entrepreneurship Foundation (Grade 5 to 10) — Financial Literacy, Design Thinking & Innovation, Artificial Intelligence, Digital Marketing, Machine Learning
TGTs — English, Social Science, Spoken English, GK & Reasoning
PRTs — English, EVS Mathematics
MOTHER TEACHER — Pre Nursery to Grade 2
SPORTS — HOD, Chess Coach & PTI
ADMINISTRATIVE POST — Receptionist, IT Head, Graphic Designer, Computer Operator, Computer Lab & Science Lab Incharge
ACTIVITY TEACHER — Activity Incharge, Music (Vocal & Instrumental), Dance (Female)
OTHERS — Health Coach, Librarian, Instructors for Vedic Maths, Abacus & Brain Gym, House Keeping incharge

Salary is commensurate with the candidate's qualifications and experience. The post applied should be mentioned in the subject line of the mail. Excellent career progression. Interested candidates may send their updated resumes with recent photographs to: risvacancies@gmail.com

LEO CHOWK, SECTOR 5, REWARI
Website: www.risrewari.com, For Enquiry: 7027747624, 8930989212



# एक्शन-थ्रिलर फिल्म सूबेदार का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** सूबेदार फिल्म पिछले साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा ना होने के चलते इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया। इस मूवी में अनिल कपूर और राधिका मदान लीड रोल में नजर आएंगे। यह एक एक्शन-थ्रिलर मूवी है। फिल्म सूबेदार के पोस्टर में अनिल कपूर स्वैग के साथ पंच मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में ताबड़तोड़ एक्शन करेंगे। यह मूवी अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। हालांकि. अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन जल्द ही यह फिल्म रिलीज हो सकती है।

लाइफ Style


# यामी

## धुरंधर-2 में एक्शन मोड में देंगी दिखाई

एजेंसी ⏭ मुंबई

धुरंधर की सक्सेस के बाद अब 'धुरंधर 2' आने वाली है। ये फिल्म मार्च में आएगी और इसमें यामी गौतम का कैमियो होगा। जी हां, ये बात अब कन्फर्म हो गई है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधर द रिवेंज' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है।

फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अब एक और बड़ा नाम जुड़ गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस और आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम के फिल्म में कास्ट होने की खबर पक्की हो गई है। आइए आपको बताते हैं कि उनका फिल्म में रोल कैसा होगा। फिल्म में यामी का सिर्फ कैमियो होगा, लेकिन कहानी को आगे बढ़ाने में उनका रोल बड़ा अहम होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यामी ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। सूत्रों का कहना है कि 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'आर्टिकल 370' में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं यामी इस फिल्म में एक्शन मोड में दिखाई देंगी। फिल्म से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यामी का किरदार फिल्म के नैरेटिव (कहान) को एक नई दिशा देगा। हालांकि, यह एक छोटा रोल है, लेकिन इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दर्शक हैरान रह जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि 'उरी' (2019) के करीब 7 साल बाद आदित्य धर और यामी गौतम फिर से साथ में प्रोजेक्ट कर रहे हैं। स्टार कास्टः फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में होंगे। उनके अलावा अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे दिग्गज कलाकार भी फिल्म में नजर आएंगे। 'धुरंधर 2' 19 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'धुरंधर'2025 की सबसे बड़ी हिट साबित हुई थी।



## हॉलीवुड मसाला



# अमेरिका में आजादी से काम नहीं कर सकती

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'ट्विलाइट'फेम एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि वह बतौर फिल्ममेकर, एक्ट्रेस अमेरिका में सहज महसूस नहीं करती हैं। साथ ही अमेरिका का राजनीतिक माहौल भी उनको पसंद नहीं है। वह ट्रंप प्रशासन और उसकी नीतियों पर भी खुलकर बात कर चुकी हैं। एक बातचीत में क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि वह अब अमेरिका में क्रिएटिव तौर पर सुरक्षित महसूस नहीं करती है। साथ ही वह अब यहां सहज महसूस नहीं करती हैं। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह खुद को अमेरिका में रहते हुए आगे देखती हैं।



# मेलानिया बनी सबसे महंगी डॉक्यूमेंट्री!

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वाइफ और अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' की नॉर्थ अमेरिका में वीकेंड बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग रही। हालांकि, फिल्म क्रिटिक्स से इस फिल्म को खराब रिव्यूज़ मिले हैं। इस डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन ब्रेट रैटनर ने किया है। बता दें कि यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण से 20 दिन पहले की कहानी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पहले ट्रंप सपोर्टर्स ने इसे बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड पर करीब 7 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई तक पहुंचाया। यह आंकड़ा एक डॉक्यूमेंट्री के लिए बहुत बड़ा है। उम्मीद की जा रही है कि यह करीब एक दशक में अपनी तरह की सबसे अच्छी परफॉर्म करने वाली डॉक्यूमेंट्री बन जाएगी।



# शक्ति शालिनी में नजर आएगा विशाल

**मुंबई।** 'शक्ति शालिनी' मैडॉक यूनिवर्स की मच अवेटेड फिल्म है। फिल्म में 'सैयारा'स्टार अनीत पड्डा नजर आएंगी। इस मूवी की शूटिंग मार्च में शुरू होगी। फिल्म में जबरदस्त ड्रामा और एक्शन देखने को मिलेगा। हाल ही इस फिल्म के मेल एक्टर को लेकर भी अपडेट सामने आई है। शक्ति शालिनी एक फीमेल-लेड एक्शन ड्रामा फिल्म है। एक खबर के मुताबिक विशाल जेठवा ने यह फिल्म साइन कर ली है। मैडॉक यूनिवर्स की इस फिल्म में वह अनीत पड्डा के साथ नजर आएंगे। वह फिल्म में अनीत के किरदार के लवर का रोल करेंगे।'शक्ति शालिनी' में जबरदस्त एक्शन के साथ-साथ एक पर्सनल और इमोशनल एंगल भी देखने को मिलेगा। यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स आगे भी मजेदार फिल्में ला रहा है।



# भागम भाग-2 में हुई मनोज की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड में इन दिनों पुरानी कल्ट फिल्मों के सीक्वल बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में अब साल 2006 में आई कल्ट कॉमेडी फिल्म 'भागम भाग' का सीक्वल भी बनने जा रहा है। फिल्म को लेकर काफी दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। लेकिन, अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि फिल्म इस साल फ्लोर पर आ जाएगी। इस बीच अब 'भागम भाग 2' को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। इसमें फिल्म की कास्ट को लेकर बड़ा दावा किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'भागम भाग 2' की कास्ट में एक बड़ा बदलाव किया गया है। सीक्वल में जहां अक्षय कुमार और परेश रावल की वापसी हुई है। वहीं गोविंदा की जगह फिल्म में मनोज बाजपेयी नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माताओं ने मनोज बाजपेयी को कास्ट कर लिया है।

## टीवी मसाला



# गुमनामी के साये में दूरदर्शन की रामायण के 'भगवान शिव'

**नई दिल्ली।** 1987 में टीवी चैनल दूरदर्शन पर रामायण शो को पहली बार टेलीकास्ट किया गया था। निर्देशक रामानंद सागर के इस माइथोलॉजिकल शो की कास्ट की चर्चा अक्सर की जाती है। खासतौर पर भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले कलाकारों का नाम इसमें शामिल रहता है। लेकिन बहुत कम बार रामायण के गुमनाम कलाकारों के बारे में बात की जाती है। इस आधार पर आज हम आपको टीवी की रामायण में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विजय कविश का नाम शामिल होता है। टीवी सीरियल रामायण में विजय कविश ने बखूबी भगवान राम की भूमिका को निभाया था। अपने कमाल की एक्टिंग के लिए उनकी काफी प्रशंसा हुई। लेकिन, आज वह कहां और क्या कर रहे हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। हम आपको बता दें कि विजय मुंबई में बतौर डायरेक्टर और एडिटर सक्रिय हैं। वह यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर अपनी शॉर्ट फिल्में और सीरीज को अपलोड करते हैं। हालांकि, फिल्मों और टीवी सीरियल्स में उनका उतना मौका नहीं मिल रहा है। एक तरह से रामायण से रातों-रात शोहरत हासिल करने वाले विजय कविश फिलहाल एक तरह से संघर्ष करते हुए नजर आ रहे हैं। गौर किया जाए उनके लुक की तरफ तो समय के साथ-साथ उनकी उम्र हो गई है और लुक पूरी तरह से बदल गया है। जिसका अंदाजा आप उनकी इन तस्वीरों को देखकर आसानी से लगा सकते हैं। रामानंद सागर की रामायण के अलावा विजय कपिश उत्तर रामायण में भी नजर आए थे, जिसमें उन्होंने महर्षि वाल्मीकि का किरदार अदा किया था। सिर्फ छोटे पर्दे के शो के अलावा विजय कविश ने बतौर अभिनेता फिल्मों में भी अपनी किस्मत आजमाई थी।

## नहीं हुई है एल्विश और जिया की सगाई

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस जिया शंकर की निजी जिंदगी हाल ही में कई डेटिंग अफवाहों के कारण सुर्खियों में रही है। सबसे पहले, एक्ट्रेस की सगाई की अटकलें अभिषेक मल्हान से लगाई गईं और बाद में एक मिस्ट्री मैन के साथ उनकी एक तस्वीर वायरल हुई, जिससे इन अफवाहों को और हवा मिली। अब जिया एक बार फिर सुर्खियों में हैं जब एल्विश यादव ने उनका हाथ पकड़े हुए अपनी तस्वीर शेयर की, जिसमें हीरे की अंगूठी थी और जिया शंकर को टैग किया। इस फोटो ने सगाई की अफवाहों को और हवा दी। लेकिन इसका सच तो कुछ और ही निकला। दरअसल, दोनों ने अपने नए शो के प्रमोशन के लिए ये हथकंडा अपनाया था। 'बिग बॉस ओटीटी' विनर एल्विश यादव के अकाउंट पर शेयर की गई स्टोरी में कैप्शन था, 'प्यार को एक और मौका दिया और मुझे मेरा दिल मिल गया,' जिससे यह हिंट मिला कि दोनों की सगाई हो गई है क्या!



# अरिजीत सिंह ने नए गाने में यूलिया के साथ दी आवाज

**मुंबई।** प्लेबैक सिंगिंग से अपने रिटायरमेंट की घोषणा करने के बाद से अरिजीत सिंह लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच अब अरिजीत सिंह के नए गाने का टीजर सामने आया है। अरिजीत ने ये गाना शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' में गाया है, जिसमें यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत सलमान खान के म्यूजिक लेबल के तहत तैयार किया गया है। जो राजन द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' के पहले गीत 'तेरे संग' का टीजर शुक्रवार को जारी किया गया है। गाने में यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी नजर आ रहे हैं। इस गाने को अरिजीत सिंह ने यूलिया के साथ मिलकर गाया है। यह गाना सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक के बैनर तले लॉन्च किया गया है। यूलिया का नाम पिछले काफी वक्त से सलमान खान के साथ जोड़ा जाता रहा है। ऐसे में अब यूलिया की शॉर्ट फिल्म के गाने को भी सलमान खान द्वारा ही लॉन्च किया गया है। इससे दोनों की नजदीकियों को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



'इकोज ऑफ अस' में दीपक तिजोरी और यूलिया वंतूर के अलावा स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। 'तेरे संग' गाना यूलिया और अरिजीत का पहला कोलैबरेशन है। इस शॉर्ट फिल्म का निर्माण अभिनेत्री पूजा बत्रा ने एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया है। पिछले साल 28 जून 2025 को सलमान खान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'इकोज ऑफ अस' की टीम को शुभकामनाएं देते हुए फिल्म की रिलीज के लिए बधाई दी थी। साथ ही 47 सेकंड का पहला लुक टीजर भी साझा किया था।

# रामायण फिल्म में विजय सेतुपति विभीषण का निभाएंगे किरदार...



**मुंबई।** फिल्म रामायण को नितेश तिवारी निर्देशित कर रहे हैं। इसका पहला पार्ट इस साल दिवाली पर रिलीज होगा, वहीं दूसरा पार्ट अगले साल की दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। हाल ही में फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में रणबीर कपूर जहां राम भगवान का किरदार निभा रहे हैं। वहीं, साउथ एक्टर यश, रावण के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में एक यह खबर सामने आई है कि फिल्में विजय सेतुपति भी होंगे। 'रामायण' में विजय सेतुपति रावण के रोल भाई का रोल करेंगे वह विभीषण के रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में यह किरदार अच्छाई का प्रतीक है। विभीषण, अपने भाई रावण के बजाय भगवान राम का साथ देते हैं। फिल्म में विजय सेतुपति यह किरदार निभाएंगे, इसे लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, यश के अलावा सनी देओल, रवि दुबे और साई पल्लवी जैसे एक्टर्स भी नजर आंएगे। फिल्म को मेकर्स पैन इंडिया रिलीज करने वाले हैं। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हंस जिमर बना रहे हैं।

## क्वीन ऑफ चेस में दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला की जिंदगी का सफर

# धमाकेदार होगा फरवरी का पहला सप्ताहांत; रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज

*नई दिल्ली। शुक्रवार 6 फरवरी को कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज हुईं। वहीं, बॉर्डर 2 और मर्दानी 3 पहले से लगी हैं। लेकिन, जिन दर्शकों को वीकएंड पर थिएटर्स जाने में दिलचस्पी नहीं है या सर्द मौसम में घर बैठे ही कोई बढ़िया फिल्म-सीरीज एंजॉय करना चाहते हैं तो उनके लिए भी दिलचस्प ऑप्शन हैं। जानिए फरवरी के पहले वीकएंड पर ओटीटी की लिस्ट में क्या है?*

### द राजा साब

प्रभास अभिनीत फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे रही है। फिल्म 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है। यह हॉरर कॉमेडी फिल्म है। थिएटर्स में फिल्म खास प्रदर्शन नहीं कर पाई है। देखना दिलचस्प होगा कि यह ओटीटी पर क्या कमाल करती है।

### किस किस प्यार करूं 2

कपिल शर्मा अभिनीत फिल्म 'किस किस प्यार करूं 2' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब इसने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। यह फिल्म आज शुक्रवार 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।






### 'शबद रीत और रिवाज

यह छह एपिसोड की ड्रामा सीरीज है। यह 16 वर्षीय किशोर घुप्पी की कहानी है, जिसे हकलाने की बीमारी है। फुटबॉल के लिए उसमें गजब का जुनून है। इसके चलते पिता के साथ उसका टकराव होता है। दरअसल, उसके पिता चाहते हैं कि घुप्पी, परिवार की भक्ति वाले रागी गायन की पवित्र परंपरा को आगे बढ़ाए। सीरीज पंजाब के खूबसूरत बैकग्राउंड पर बेस्ड है। इसमें घुप्पी के संघर्ष, डर, महत्वाकांक्षा को दिखाया है। कमी के बावजूद अपनी मेहनत के बूते वह अपना सफर तय करता है। इस सीरीज को 06 फरवरी से जी5 पर देख सकते हैं।

### 'डेथ व्हिसपरर 3

इस वीक थाई हॉरर फिल्म 'डेथ व्हिसपरर 3' भी देखने के लिए उपलब्ध है। यह फिल्म अक्तूबर 2025 में थिएटर्स में रिलीज हुई थी और ब्लॉकबस्टर रही थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 04 फरवरी 2026 से यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

### क्वीन ऑफ चेस

यह एक डॉक्यूमेंट्री है। इसमें दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला 'जुडिट पोल्गर' की जिंदगी को दिखाया गया है। सीरीज में पुरुष प्रधान खेल में उनके सफर की कहानी बयां की गई है। इसे 6 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### पराशक्ति

साउथ इंडस्ट्री की फिल्म 'पराशक्ति' भी आज शुक्रवार से ओटीटी पर रिलीज हो रही है। एक्टर शिवकार्तिकेयन की यह फिल्म 10 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब फरवरी में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसने दस्तक दी है। इसे 07 फरवरी से जी5 पर देखा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### बलाहा के दीपक यादव बने असिस्टेंट प्रोफेसर

**नारनौल।** गांव बलाहा कलां निवासी दीपक यादव का चयन हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कॉलेज कैडर असिस्टेंट प्रोफेसर (राजनीतिक विज्ञान) पद पर हुआ है। उनका यह चयन न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना है। बता दें कि दीपक यादव ने वर्ष 2022 में राजनीतिक विज्ञान विषय से एमए की पढ़ाई पूर्ण करने के बाद यूजीसी नेट जेआरएफ जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण की।

### फिल्म घूसखोर पंडत को तुरंत बैन करने की मांग

**नारनौल।** हीरो मनोज वाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडत' ब्राह्मण समाज की गरिमा पर हमला है। इस फिल्म में जानबूझकर ब्राह्मण समाज को अपमानित किया गया है। इसके निर्माता निर्देशक एवं कलाकारों के खिलाफ सरकार केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए और फिल्म प्रदर्शित करने पर तुरंत बैन लगाया जाए।

### सेवानिवृत्त आयु से जुड़े विशेष प्रावधान समाप्त

**नारनौल।** प्रदेश सरकार ने हरियाणा सिविल सर्विसेज (जनरल) रूल्स, 2016 के नियम-143 में महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए सेवानिवृत्ति से जुड़े कुछ विशेष प्रावधानों को समाप्त कर दिया है। वर्ष 2026 में अधिसूचित इस संशोधन के तहत नियम-143 के सब रूल (1) में शामिल ब्लॉज (i), ब्लॉज (ii), नोट-1 और नोट-3 को नियम-पुस्तक से हटा दिया गया है। इन प्रावधानों के हटने से 70 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले कर्मचारियों, पूर्ण रूप से नेत्रहीन कर्मचारियों तथा सेवा के दौरान दिव्यांगता से ग्रस्त कर्मचारियों को मिलने वाली 60 वर्ष की विशेष सेवानिवृत्ति आयु का लाभ अब समाप्त हो गया है। संशोधन के बाद ऐसे सभी कर्मचारियों पर सामान्य सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष ही लागू होगी, जब तक सरकार की ओर से कोई नया अलग निर्देश जारी नहीं किया जाता है।

### बाइक स्नेचिंग मामले में एक और आरोपित काबू

**नारनौल।** थाना नांगल चौधरी की पुलिस टीम ने बाइक छीनने की वारदात मे एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि तीन नवंबर 2025 को गांव मोहनपुर निवासी नरेश कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जब वह बहरोड़ से अपने गांव लौट रहा था, तो शाम करीब 6:30 बजे गांव मौरुण्ड के पास तीन बाइक सवार युवकों ने उसकी मोटरसाइकिल रुकवाकर छीन ली।

### 11 को हल्ला बोल प्रदर्शन की तैयारियां अंतिम चरण में

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा शिक्षा विभाग फील्ड में कार्यरत लिपिक, सहायक, उप अधीक्षक एवं अधीक्षक अपनी विभागीय और सरकार स्तर की मांगों को लेकर 11 फरवरी को निदेशालय शिक्षा सदन पंचकूला में डायरेक्टर सेकेंडरी स्कूल के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए हेमसा का जनसंपर्क अभियान अंतिम चरण में और जोर शोर से चल रहा है।

*दोनों बहनों में कामयाबी हांसिल करने की प्रतिस्पर्धा से गांव की बेटियों को परिश्रम करने की मिल रही है प्रेरणा, प्रतिभाशाली बहनों को पंचायत करेगी सम्मानित*

# छोटी बहन ने 110 किलोमीटर लंबी दौड़ में जीता गोल्ड मेडल बड़ी ने पाया भारतीय सेना में स्क्वाड्रन लीडर का प्रमोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी


रेनू यादव


कीर्ति यादव

दृढ निश्चय और कठोर परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है, यह साबित करके दिखाया है भुंगारका गांव की रेनू यादव और कीर्ति यादव ने। इन दोनों बहनों में सफलता हासिल करने की प्रतिस्पर्धा बनी हुई है, बड़ी रेनू यादव ने भारतीय वायू सेना में बतौर स्क्वाड्रन लीडर का कार्यभार संभाला है।

दूसरी तरफ छोटी बहन कीर्ति यादव ने उत्तराखंड में आयोजित 110 किलोमीटर लंबी दौड़ स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता है। बीते दिनों नेशनल स्तरीय ट्रायथलॉन प्रतियोगिता के ईवेंट 90 किलोमीटर साइकिलिंग और 30 किलोमीटर लंबी दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर लड़कियों को सशक्त बनने का संदेश दिया है। दोनों बहनों की सफलता से गांव की अन्य बेटियों को प्रतिभा निखारने की प्रेरणा मिलेगी।

आपको बता दें कि भुंगारका निवासी अशोक यादव के दो बेटियों समेत एक पुत्र है। भारतीय नौसेना में सेवारत अशोक यादव शुरू से ही अनुशासन व साहस से परिपूर्ण रहने पर उनकी पहली पदोन्नति जल्द हो गई थी। वारंट अधिकारी बनने के बाद उन्होंने दोनों बेटियों को शिक्षित और सक्षम बनाने का निर्णय लिया। बड़ी बेटी रेनू यादव ने वायु सेना में बतौर लेफ्टनेंट ज्वाइन करने में सफलता हांसिल की, जिन्होंने वायू सेना दिवस पर फाइटर विमान द्वारा आसमान में हैरतगंज करतब दिखाए थे। करतबों में दुश्मन के फाइटर प्लेन को आसमान में क्रेश करने, रास्ता रोककर लैंड कराना, दुश्मन के ठिकानों पर मिसाइल गराने समेत करीब 38 कलाओं का प्रदर्शन किया था। भी रेनू यादव ने उपलब्धियां को आंकलन करने के बाद विभाग ने पदोन्नति देकर स्क्वाड्रन लीडर का कार्यभार सौंपा है। दूसरी बेटी कीर्ति यादव ने भी बड़ी बहन की उपलब्धियों से प्रेरित होकर स्कूल में एनसीसी को चुना। एनसीसी की प्रदेश स्तरीय परेड में प्रथम स्थान हांसिल करने पर कीर्ति यादव को गणतंत्र दिवस की परेड के प्रशिक्षण में शामिल किया।

यहां भी उन्होंने प्रतिभा का प्रदर्शन करके प्रथम स्थान अर्जित किया। इसके बाद कीर्ति यादव ने उत्तराखंड में 110 किलोमीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है। इसके अलावा 80 किलोमीटर साइकिलिंग व रेस में आयरन लेडी पुरस्कार जीता है। दोनों बेटियों ने सफलता का श्रेय पिता अशोक यादव को दिया है, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में विश्वास और सहयोग बनाए रखा है।

### संघर्ष का जुनून ही कामयाबी का सूत्रधार

भारतीय वायु सेना की स्क्वाड्रन लीडर रेनू यादव व गोल्ड मेडल विजेता रही कीर्ति यादव ने बताया कि कामयाबी कभी भी बेटा या बेटी में भेदभाव नहीं करती। संघर्ष का जुनून ही सफलता का सुत्रधार होता है। नौसेना अधिकारी पिता रोजाना 20-30 किलोमीटर की दौड़ करते हैं। उनकी प्रेरणा से दौड़ का अभ्यास किया और कामयाबी हांसिल की। स्क्वाड्रन लीडर रेनू यादव ने बताया कि सब पापा की प्रेरणा और उनके मार्गदर्शन से संभव हो पाया है।

### जिले की एकमात्र बेटी को स्क्वाड्रन लीडर बनने का गौरव

भुंगारका के सरपंच राजेंद्र प्रसाद, विकास यादव, दयानंद बाबूजी, दरियाव आर्य ने बताया कि अशोक यादव की दिनचर्या अनुशासित व कृत्व्यनिष्ठ रही है। उनकी प्रेरणा से बड़ी बेटी रेनू यादव वायू सेना में स्क्वाड्रन लीडर का कार्यभार संभालने का गौरव मिला है। छोटी बेटी कीर्ति यादव भी पिता के नक्शेकदमों पर चल रही है, जिसने हाल ही नेशनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर गांव व जिले का नाम रोशन किया है। प्रतिभाशाली बेटियों के गांव आने पर पंचायत द्वारा अभिनंदन किया जाएगा। जिनकी कामयाबी से अन्य बेटियों को भी परिश्रम करने की प्रेरणा मिलेगी।

### छोटी बेटी कीर्ति यादव राष्ट्रस्तर पर बना चुकी पहचान

नौसेना के अधिकारी अशोक यादव की छोटी बेटी कीर्ति यादव भी किसी पहचान की मोहताज नहीं। जिन्होंने नेशनल स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ भाषण देकर स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल की नसीहत दी थी। जिस पर स्पीकर ओम बिड़ला ने नकद पुरस्कार तथा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया था। मेधावी बेटी को एनसीसी परेड का कुशल नेतृत्व करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मानित कर चुके हैं। वर्तमान में कीर्ति यादव भारतीय प्रशासनिक सेवा की तैयारी कर रही है।

## नगर पालिक हाउस की बैठक में 15 में से महज चार पार्षद रहे उपस्थित

# शहर के 30 मुद्दों पर होनी थी चर्चा, कोरम अभाव से बैठक स्थगित

*पार्षदों का बैठक से दूरी बनाना शहर के विकास कार्यों में बन सकते हैं रोड़ा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

नगर पालिक हाउस की बैठक शुक्रवार को भी कोरम के अभाव में स्थगित हो गई। शहर की रामलीला परिषद में आयोजित बैठक में महज चार पार्षद ही उपस्थित हुए, बाकि 11 पार्षदों ने बैठक से दूरी बनाई रखी। बैठक में शहर के जुड़े 30 प्रस्तावों पर चर्चा होनी थी। वहीं शहर के लोगों का कहना है कि इस तरह पार्षदों द्वारा बैठक से दूरी बनाना शहर के विकास कार्यों में रोड़ा बन सकते हैं। नगर पालिका की ओर से दो बार बैठक एजेंडा भेजने के बावजूद भी कोरम के अभाव में स्थगित हो रही हैं।

बता दें कि बैठक से पूर्व शहर के लोगों की राय जानने के लिए रामलीला परिषद में एक बैठक बुलाई थी। वहीं शहर के लोग भी एक-एक कर अपनी राय दे रहें थे। नगर पालिका हाउस की बैठक का समय दोपहर एक बजे था। नगर पालिका अधिकारी भी बैठक में तय समय पर आ गए थे, लेकिन कोरम के अभाव में बैठक स्थगित करनी पड़ी।


**महेंद्रगढ़।** बैठक से पूर्व शहर के लोगों की राय लेते प्रधान रमेश सैनी। फोटो : हरिभूमि

### ये मुद्दे

- अटल सामुदायिक भवन के पास आधुनिक लाइब्रेरी, इंडोर स्टेडियम बनाने, नए नगरपालिका भवन के पीछे खाली जमीन पर ऑडिटोरियम बनाने
- शहर के विकास की गति बढ़ाने के लिए नगर पालिका द्वारा करवाए गए सर्वे के अनुसार शहर के अंदर पांच किलोमीटर तक की सड़क मार्ग को मॉडल रोड बनाने
- नगर में तेजी से चल रहे विकास कार्यों के लिए विधायक, एसडीएम, डीएमसी, नगर पालिका अधिकारी हरियाणा सरकार के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पास करने बारे विचार
- नगर पालिका की मोदाश्रम के पीछे पड़ी हुई खाली जमीन पर आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किए जाने बारे विचार
- इस योजना के तहत प्रस्ताव में नगर पालिका में नगर प्रधान, उप प्रधान व पार्षद द्वारा स्वयं किए गए नगरपालिका की जमीन पर अवैध कब्जे अवैध रूप से करवाई गई रजिस्ट्री को शामिल नहीं किया जाए, सभी सदस्यों के श्रम के नाम जमीन की जांच करवाकर अवैध कब्जा व रजिस्ट्री पाए जाने पर तुरंत उचित कार्रवाई की जाए।
- पंचायत भूमि की तर्ज पर नगर पालिका की जमीन पर आमजन द्वारा बना लिए गए पक्के मकान अवैध रूप से की गई रजिस्ट्री पिछले 40 वर्षों से नगर पालिका की कृषि योग्य भूमि पर गिरदावरी करवाकर रियायत देने के लिए एक निश्चित राशि किराया तय करने या कलेक्टर रेट पर उनके नाम रजिस्ट्री करवाने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट बनाकर सरकार के पास भेजने के लिए विचार करने बारे

### बैठक में इन मुद्दों पर होनी थी चर्चा

- शहर के शॉपिंग कॉम्पलैक्स की दुकानों के ऊपर बने अवैध रूप से चौबारों में दुकानों को नियमित करने और हाउस की सहमति से इस प्रस्ताव की तय सीमा के अंदर अनुपालन करने वाले दुकानदार पर किराया नहीं भरने की वजह से पीपी एक्ट के तहत केस या न्यायालय में लंबित सभी तरह के मुकदमों को वापस लिए जाने बारे विचार करना था।
- साथ ही शॉपिंग कॉम्पलैक्स के दुकानदारों पर काफी वर्षों से बकाया रेंट पर लगे पेनेल्टी और ब्याज माफ करने के लिए विस्तृत रिपोर्ट बनाकर सरकार के पास भेजने बारे विचार
- शॉपिंग शॉपिंग कॉम्पलैक्स के अंदर जर्जर हो चुके लेटर की छत को ठीक करने बारे विचार
- ऑटो मार्केट की दुकानों के ऊपर नगर पालिका द्वारा बनाए गए चौबारों को खुली बोली या चौबारों के नीचे बनी दुकानों के किरायदारों को शर्तों के साथ देने बारे विचार
- गांधी मार्केट में नगर पालिका की दुकानों को ऊपर बने चौबारों के ऊपर चढ़ने के लिए सीढ़ियां बनाने और चौबारों की मरम्मत करवाने को लेकर
- मौहल्ला सैनीपुरा में नगर पालिका की दुकानों की मरम्मत करवाने बारे विचार
- नगर पालिका के देवीलाल पार्क के पास या अन्य किसी भी स्थान को चिह्नित कर रेहडी मार्केट बनाने बारे विचार करना था।
- नगर पालिका के द्वारा बनाई गई नई सड़क मार्ग को पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा तोड़े जाने पर उचित कार्रवाई करने बारे विचार
- बिजली निगम द्वारा नगर पालिका की जमीन पर लगाए गए पोल व ट्रांसफॉर्म आदि पर रेंट वसूलने को लेकर विचार करना था।
- महाराजा शूर सैनी चौक मौहल्ला सैनीपुरा की तरफ जाने वाले गंगा देवी पांडे मार्ग को ज्योतिबाई फूले मार्ग करने बारे विचार
- मोदाश्रम से करंट बालाजी मंदिर के सामने से वीरू कबाड़ी तक सड़क मार्ग करवाने बारे विचार
- मोदाश्रम रोड से धौलपोश गौशाला तक सड़क मार्ग बनाने विचार
- नगर पालिका शहर क्षेत्र में स्थाई तौर पर रेन बसेरा बनाने विचार
- नगर पालिका कार्यालय को नया नगर पालिका कार्यालय भवन बनने तक देवीलाल पार्क के पास बने अटल सामुदायिक भवन में शिफ्ट करने और वर्तमान में चल रहे नगर पालिका कार्यालय के स्थान पर पार्किंग स्थल बनाए जाने पर विचार किया जाना था।
- नगर के प्रत्येक वार्ड के अंदर विभिन्न मोहल्लों, गलियों व कॉलोनी में आमजन द्वारा अपने घर या प्रतिष्ठान पर बनाए गए पक्के निर्माण रैंप, सीडी आदि की अवैध कब्जे को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त करने बारे विचार
- हुडा पार्क को नए रूप में विकसित करने
- सभी प्रमुख चौराहा का सौंधर्यकरण करन
- तीन प्रमुख मार्गों पर स्वागत गेट बनाने आदि अनेक विकास कार्य पर विचार कर था।
- नगर पालिका महेंद्रगढ़ शहर क्षेत्र के अंदर किसी भी सरकारी प्रशासनिक और किसी भी सरकारी कार्यक्रम नेता या अन्य किसी भी कार्यक्रम में शहरी सरकार से बिना विचार–विमर्श करना था, क्योंकि प्रधान, उपप्रधान व पार्षद को नहीं बुलाया जाने और उनको उचित मान–सम्मान नहीं दिए जाने पर नगर पालिका के द्वारा उठाए जाने वाले किसी भी तरह के खर्च के लिए कोई भी बिल की अदायगी नहीं किए जाने बारे नगर पार्षदों ने राय बना रखी है।
- रेलवे रोड से हटाए खोखो के दुकानदारों के लिए किले के साथ लगती ऑटो मार्केट की दुकानों के साथ आगे की तरफ से सैन धर्मशाला के सामने देवीलाल –पार्क के साथ या ब्रह्मचारी रोड पर या अन्य किसी भी स्थान पर एक निश्चित राशि और किराए तय कर दुकान दिए जाने के लिए एक रिपोर्ट सरकार के पास भेजने बारे विचार करना था।
- आमजन द्वारा नगर के प्रमुख बाजारों और मौहल्ला व कॉलोनी में रेप सीढ़ियां बनाकर किए जाने वाले अवैध अतिक्रमण को स्वयं हटाने के लिए मुनादी करवाकर तुरंत कार्रवाई करने और भविष्य में फिर से अतिक्रमण करने पर भारी भरकम जुर्माना लगाए जाने पर विचार

### राव इंद्रजीत सिंह के जन्मदिन पर चलेगा पांच दिवसीय पौधरोपण अभियान

**नांगल चौधरी।** नांगल चौधरी हलके में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के जन्म दिन पर पांच दिवसीय गोसेवा व पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में पौधरोपण करके कार्यकर्ताओं को देखरेख तथा सिंचाई की जिम्मेवारी सौंपी जाएगी। युवा भाजपा नेता विकास बडकोदा व गुरुकुलम स्कूल के चेयरमैन अभय सिंह गुर्जर ने बताया कि सात फरवरी को मौखूता बामणवास में पौधरोपण करके तीन दिन तक अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। चौथे दिन हलके की तीनों गोशाला में गायों की सवामणी तथा प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। 11 फरवरी को हवन में आहुति डालकर केंद्रीय मंत्री के लिए दीर्घायु की मन्नतें मांगी जाएंगी।

## कुत्तों को एंटी रेबीज और प्रजनन नियंत्रण के लिए किया टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना


**कनीना।** जारी अभियान के तहत कुत्ते का टीकाकरण करती टीम के सदस्य।

नगर पालिका प्रशासन कनीना की ओर से बीते समय शुरू किए गए जीरो रेबिज अभियान कुत्ता प्रजनन नियंत्रण अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। नगरपालिका कनीना की चेयरपर्सन डॉ रिम्पी लोढ़ा ने बताया कि नपा की ओर से इस बारे में टेंडर कॉल किए गए थे जो नैन फाउडेंशन जींद के नाम अलाट हुए थे। जिसमें प्रति कुत्ते के टीकाकरण व नसबंदी के लिए 1800 रुपये एक वर्ष की अवधि के लिए निर्धारित किए गए थे। माना जा रहा है कि कनीना में करीब 300 कुत्ते हैं। जिनका टीकाकरण किया जा रहा है। पिछले तीन दिन के दौरान 53 कुत्तों को टीकाकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि कुत्तों का नांगल चैधरी शेल्टर होम में वैक्सीन लगाने के बाद व टैगिंग की जा रही है। ये कार्य पूरा होने के बाद उन्हें वापस छज्ञेडा जा रहा है। अनेको आवारा कुत्ते शिक्षण संस्थानों के समीप मंडराते रहते थे। जिनसे विद्यार्थियों में भय बना हुआ था। कुत्ते के काटने पर एंटी रेबीज के टीके लगवाने पड़ते थे। अब ऐसे हिंसक कुत्तों पर एजेंसी कर्मचारियों की ओर से नजर रखी जा रही है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजना अनुसार आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत नपा की ओर से ये कार्य किया जा रहा है।

### हवाई अड्डा संत रविदास के नाम पर करना सराहनीय कार्य

**मंडी अटेली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पंजाब स्थित आदमपुर हवाई अड्डे को श्री गुरु रविदास महाराज के नाम पर समर्पित करने के निर्णय को एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा अनुसूचित जाति जिला महामंत्री पूर्व सरपंच रामनिवास खेड़ी ने प्रेस को जारी एक बयान में प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित समस्त एनडीए सरकार ने हवाई अड्डे का नामकरण कर गुरुजी के दर्शन को आगे बढ़ाया है। संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के पावन अवसर पर लिया गया यह निर्णय अत्यंत सराहनीय और ऐतिहासिक है। संत शिरोमणि गुरु रविदास ने अपने जीवन से समानता, करुणा और सेवा का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज को दिशा और प्रेरणा प्रदान करता है।

### पार्क की गली की दुकानों के ताले तोड़कर सामान व नकदी चोरी

**नारनौल।** पार्क गली में चोरों ने दो दुकानों के ताले तोड़कर वहां से लाखों रुपये का सामान एवं नकदी चुरा ली। सूचना देने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव खामपुरा निवासी भजन सिंह ने सिटी थाना में दी शिकायत में बताया कि उन्होंने "ब्लू एप्पल" नाम से गारमेंट्स की दुकान की हुई है, जो पार्क गली की पटवारी मार्केट में रिद्धि-सिद्धि कॉम्प्लेक्स में स्थित है। उन्होंने बताया कि वह बीती शाम करीब 6 बजे रोजाना की तरह दुकान बंद करके घर चला गया था। उस समय दुकान के गल्ले में दिनभर की बिक्री के 46,500 रुपये नकदी रखी हुई थी। सुबह करीब 8:30 बजे पड़ोसी अनिल गारमेंट्स के संचालक अनिल कुमार ने फोन पर सूचना दी कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और शटर ऊपर है। सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचा तो दुकान का गल्ला भी टूटा हुआ मिला और उसमें से नकदी गायब थी। दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने विवरण देते हुए बताया कि चोर दुकान से लगभग 200 जींस, 130 शर्ट, 150 अपर, 100 अंडरवियर, 150 लोअर, 80 जैकेट, 100 शर्ट, 200 टी-शर्ट और 15 बॉक्स बनियान चोरी कर ले गए। चोरी गए माल की अनुमानित कीमत डेढ़ से दो लाख रुपये बताई गई है। शिकायत मिलने पर शहर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं चोर सीसीटीवी में भी कैद हो गए।

***आशु जैन के यहां भी चोरी:*** इसी कॉम्प्लेक्स में आशु जैन के कार्यालय का ताला भी टूटा पाया गया। वहीं दो अन्य दुकानों के ताले भी टूटे मिले हैं, जिससे व्यापारियों में दहशत का माहौल है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर चोरी गई नकदी और सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## भाविप के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने कार्यकर्ताओं की सुनीं समस्या

# राष्ट्र की सुरक्षा और समृद्धि को प्राथमिकता देना सरकार का नैतिक दायित्व: जैन

*संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के टिप्स दिए*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

भारत विकास परिषद के संगठन महामंत्री सुरेश जैन ने भाजपा के पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव के आवास पर कार्यकर्ताओं की समस्या सुनी। सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की रूपरेखा बनाई तथा संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के टिप्स दिए। इस दौरान पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव से राजनीतिक पहलूओं पर विचार-विमर्श किया है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा और समृद्धि को प्राथमिकता देना सरकार का नैतिक दायित्व होता है। भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में सत्ता संभाली थी। सबसे पहले उन्होंने सैनिकों को सुविधा देना तथा बार्डर तक सड़कों के निर्माण की योजना बनाई ताकि आपात परिस्थितियों में सेना तक तत्परता पूर्वक आवश्यक सामग्री पहुंच सके। विकसित भारत का विजन तैयार किया तथा बजट में गांव से लेकर शहरों तक समान विकास कार्यों की रूपरेखा बनाई गई है। प्रदेश में भाजपा सरकार ने बिना पर्ची बिना खर्ची रोजगार देने की परंपरा बनाकर युवाओं का हौंसला बढ़ाया है। जिससे प्रभावित अन्य प्रदेशों की सरकारों ने भी अनुकरण करना आरंभ कर दिया। महेंद्रगढ़ जिले में भाजपा को खड़ी करने में रामबिलाश शर्मा व दयाराम यादव संघर्षमयी योगदान दिया है। संगठन को मजबूत करने के लिए इन्होंने बूथ स्तर पर वर्करों की टीम बनाई तथा एक-एक वोटर को पार्टी की विचारधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सबका साथ सबका विकास मिशन पर काम किया है जिसके परिणामस्वरूप आमजनता तक सरकार की योजनाएं पहुंच पाई हैं और समान विकास कार्य हो पाए हैं। इसके बाद उन्होंने जिला स्तरीय राजनीति पर विचार-विमर्श किया है। चारों हलकों में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी ली तथा जनता और सरकार में सामंजस्य बनाने के दिशा-निर्देश दिए हैं।


**नांगल चौधरी।** भाजपा के पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव के आवास पर परिजनों से मिलते राष्ट्रीय संगठन महासचिव सुरेश जैन। फोटो : हरिभूमि

# अनाथ बेटी की शादी में रागनी गायक ने किया कन्यादान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

गांव बवाना निवासी एक अनाथ बेटी की शादी के लिए प्रसिद्ध हरियाणवी रागनी गायक विकास पासोरिया और उनकी टीम ने वीरवार शाम को एक लाख रुपये का कन्यादान किया। महेंद्रगढ़ जिले के गांव बवाना निवासी कंचन की शादी 26 फरवरी को तय की गई थी। कंचन के माता-पिता का साया बचपन में ही उनके सिर से उठ गया था, जिसके बाद उसके ताऊ ने उसका पालन-पोषण किया और विवाह का रिश्ता तय किया।

बता दें कि गांव में फरवरी माह में आयोजित मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने पहुंचे गायक विकास पासोरिया को कंचन की स्थिति के बारे में पता चला। इसके बाद उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर वीरवार शाम को कन्यादान के रूप में एक लाख रुपये की राशि का चेक कंचन के परिजनों को भेंट किया। इस भावुक क्षण को देखकर ग्रामीणों ने गायक विकास पासोरिया और उनकी टीम की सराहना की तथा इस नेक कार्य के लिए आभार जताया। वहीं इस पहल से प्रेरित होकर अब गांव के अन्य लोग भी मदद के लिए आगे आने लगे हैं। इस मौके पर जगदेव एडवोकेट, दिनेश शर्मा, राकेश शर्मा, ईश्वर उमरावत, प्रवीण नौगांव, श्याम शर्मा, जगबीर, दीपक पासौर, रामनिवास आदि मौजूद थे।


**महेंद्रगढ़।** कन्यादान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## अवैध कटों के कारण नियमित अंतराल के बाद होते रहे हादसे

# नेशनल हाईवे के कट बंद करने का कार्य तेज पेट्रोल पंप और ढाबा मालिकों का धंधा मंदा

### नेशनल हाईवे पर होने वाले हादसों में आएगी कमी, लंबे समय से ट्रैफिक पुलिस भी कर रही थी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

देश के व्यस्ततम नेशनल हाइवे में शुमार दिल्ली-जयपुर एनएच-48 के बने अवैध कटों को भरने का कार्य गति पकड़ने लगा है। एनएच के दोनों ओर एक्जिट और एंट्री प्वाइंट को छोड़कर दीवार बनाई जा रही है। दीवार निर्माण के साथ ही अवैध कटों के सहारे धंधा चमकाने वाले पेट्रोल पंप, ढाबा और होटल मालिकों का धंधा मंदा पड़ना शुरू हो गया है।

इस नेशनल हाइवे पर जयसिंहपुर खेड़ा से लेकर धारूहेड़ा के बीच तक लगभग 200 स्थानों पर अवैध कट बनाए हुए हैं। पेट्रोल पंप, ढाबा और होटल मालिकों ने यह कट बनाए हुए हैं। नेशनल हाइवे के नाले को कई स्थानों पर पाट दिया गया, ताकि वहां से वाहन उनके प्रतिष्ठान तक पहुंच सके। इन अवैध कटों के कारण नियमित अंतराल के बाद हादसे होते रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस की ओर से एनएचएआई को कई बार अवैध कट बंद कराने के लिए लिखा गया था, परंतु प्राधिकरण की ओर से इस कार्य को शुरू कराने में ही काफी समय लगा दिया गया। अब एनएचएआई ने धारूहेड़ा से सड़क के दोनों ओर करीब तीन फीट ऊंची दीवार बनाने का कार्य शुरू किया हुआ है, जो कसोला चौक तक पहुंच चुका है। प्राधिकरण की ओर से अवैध कटों को बंद कराने के लिए सड़क के दोनों ओर दीवार जयपुर तक बनाई जाएगी। जयसिंहपुर खेड़ा बैरियर तक दीवार निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद जिले की सीमा में होने वाले हादसों में कमी आ सकेगी। दूसरी ओर ढाबा और होटल मालिक दीवार पूरी तरह बनकर तैयार होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि उसे मनमाफिक तरीके से तोड़ा जा सके।



रेवाड़ी। दिल्ली-जयपुर एनएच-48 पर दीवार बनाकर बंद किए गए अवैध कट। फोटो : हरिभूमि

### जाली डालकर बनाए गए अवैध कट

हाइवे के दोनों ओर स्थित पेट्रोल पंप और ढाबों के सामने हाइवे के नालों को जाली डालकर बंद किया हुआ है, ताकि उनके ऊपर से वाहन आसानी से निकल सकें। कई ढाबा मालिकों ने तो नालों को मिट्टी से पाटा हुआ है। इससे बारिश के समय पानी निकासी भी बाधित हो जाती है। एनएचएआई की ओर से अब स्थाई दीवार का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे अवैध कट बंद हो रहे हैं।

### जल्द बंद हो जाएंगे सारे कट


एनएच-48 पर सड़क के दोनों ओर दीवार बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। निर्धारित एक्जिट और एंट्री प्वाइंट को छोड़कर सभी कटों को दीवार से बंद किया जा रहा है। एक्जिट और एंट्री को छोड़कर कहीं भी कट नहीं छोड़े जा रहे हैं। कट बंद होने से हादसों में कमी आएगी। अगर किसी ने दीवार तोड़कर कट बनाने का प्रयास किया, तो उसके खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। **-योगेश तिलक, पीडी, एनएचएआई।**

### नाले साफ होने का कर रहे थे विरोध

खेड़ा बैरियर से धारूहेड़ा के बीच बने अवैध कटों को बंद कराने के लिए बीते साल एनएचएआई की ओर से सड़क के दोनों ओर बने पानी निकासी के नालों की सफाई का कार्य शुरू कराया गया था। नाले साफ होने के बाद कट खुद ही बंद हो रहे थे। पंट्रोल पंप और ढाबा संचालकों की ओर से नाला सफाई का कार्य करने वाले श्रमिकों को डरा-धमकाकर यह कार्य रुकवा दिया था।

### डंपरों के सुरक्षित स्थान बन रहे ढाबे

इस नेशनल हाइवे पर बड़ी संख्या में ओवरलोड डंपर डंपर चलते हैं। यह डंपर राजस्थान से खनन सामग्री भरकर दिल्ली, गुरूग्राम और फरीदाबाद की ओ ले जाई जाती है। जब भी आरटीए की टीम ओवरलोड वाहनों की जांच शुरू करती है, इन डंपरों को अवैध कटों के रास्ते ढाबों पर खड़ा कर दिया जाता है। ढाबा संचालक डंपर मालिकों को चालान नहीं होने की गारंटी देते हैं।

## सत्य ही शिव है-शिव ही सुंदर है कार्यक्रम कल

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 8 फरवरी को पंजाबी धर्मशाला में पर भगवान शिव की उपासना कर कार्यक्रम सत्य ही शिव है-शिव ही सुंदर है का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेष कपूर ने बताया कि नई दिशा युवा मंच के प्रधान एडवोकेट निशांत यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि व जिला अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा रोहताश वाल्मीकि विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से समाजसेवी ज्योति सिंह, शिक्षाविद राजेंद्र सिंह यादव, मुरारीलाल वर्मा संरक्षक हिंदू सम्मेलन संत कबीर बस्ती व शिक्षाविद मीनू ग्रोवर का अभिनंदन किया जाएगा।

## आशा वर्कर्स ने ली आभा आईडी की ट्रेनिंग

■ मार्च तक पूरा होगा आईडी बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से ट्रामा सेंटर में आशा कार्यकर्ताओं को आभा आईडी बनाने को लेकर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में 90 प्रतिशत आशा वर्करों ने भाग लेकर तकनीकी और व्यवहारिक जानकारी प्राप्त की। जिला आशा कोऑर्डिनेटर सुनीता यादव ने बताया कि जिले में आभा आईडी बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है और इसे मार्च माह तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए आशा वर्करों को जोन वाइज प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आभा आईडी के बिना गर्भवती महिलाओं सहित आम नागरिकों को इलाज में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति की आभा आईडी बनना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर घर-घर जाकर अधिक से अधिक लोगों की आभा आईडी बनवाएं।



## डा. मुकुट अग्रवाल ने पत्रकारिता और जनसंचार में किया नेट उत्तीर्ण


रेवाड़ी। राष्ट्रीय कवि संगम के जिला अध्यक्ष व रचनाकार अंसल-टाउन निवासी डा. मुकुट अग्रवाल ने राष्ट्रीय परीक्षा एंजेसी की ओर से यूजीसी नेट की पत्रकारिता और जनसंचार विषय मे परीक्षा उत्तीर्ण करके अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। योगेश कौशिक ने बताया कि केएलपी कॉलेज के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग में गत 14 वर्षों तक असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके डा. मुकुट अग्रवाल ने परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने बताया कि हाल ही में मुकुट अग्रवाल ने हरियाणा की हिंदी पत्रकारिता के विकास में नित्य हलचल की भूमिका' विषय पर शोध संपन्न कर पीएचडी की मानद उपाधि प्राप्त की है।

## कमजोर और गरीब परिवारों को आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना

■ बेटियों के विवाह पर 71,000 अनुदान राशि प्रदान की जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


हरियाणा सरकार की ओर से समाज के सभी वर्गों के जरूरतमंद परिवारों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। डीसी ने बताया कि योजना के तहत लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिसमें अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति/ टपरीवास जाति के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71,000 अनुदान राशि प्रदान की जाती है और पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के व्यक्तियों की बेटियों के विवाह पर 41,000 अनुदान राशि दी जाती है। उन्होंने कहा सभी वर्गों की विधवा/तलाकशुदा/ निराश्रित/ अनाथ एवं निराश्रित बच्चों की शादी के लिए 51,000 अनुदान राशि प्रदान की जाती है। इसके साथ-साथ इस योजना के तहत यदि विवाह में दोनों वर-वधू दिव्यांग हैं, तो उन्हें 51,000 अनुदान राशि दी जाएगी। अगर केवल एक वर या वधू दिव्यांग है, तो 41,000 की अनुदान राशि दी जाएगी।

## शराबी ऑटो चालकों पर शिकंजा

■ पांच के काटे ट्रैफिक पुलिस ने चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर में नशे में ऑटो रिक्शा चलाकर सवारियों की जान जोखिम में डालने वाले चालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने शिकंजा कसाना शुरू कर दिया है। पुलिस ने ऑटों की चालकों की जांच करते हुए शराब का सेवन किए हुए पांच चालकों के चालान किए। बिना कागज चल रहे ऑटो इंपाउंड भी किए गए हैं। सिटी ट्रैफिक इंचार्ज बलवंत के नेतृत्व में ईश्वर दत्त, संदीप व अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने शुक्रवार को नाईवाली चौक पर ऑटो चालकों की चेकिंग के लिए विशेष अभियान शुरू किया। ऑटो चालकों के साथ दूसरे वाहनों की चेकिंग भी की गई। इस दौरान पुलिस ने ट्रैफिक नियमों की पालना नहीं करने वाले लगभग 200 वाहनों के चालान किए। इस दौरान एल्कोमीटर से ऑटो चालकों की जांच की, जिसमें पांच चालक शराब के नशे में पाए गए। इन चालकों के भी चालान किए गए हैं। ट्रैफिक इंचार्ज बलवंत सिंह ने बताया कि शहर में बिना कागजों के चल रहे ऑटो रिक्शा की जांच भी एक सप्ताह से की जा रही है।


रेवाड़ी। चालक में शराब की मात्रा चैक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि



## सॉफ्ट स्किल्स व पर्सनालिटी डेवलपमेंट से इंटरव्यू में सफलता पाना आसानः ज्योति

रेवाड़ी। अहीर कॉलेज में शुक्रवार को प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया। प्लेसमेंट सेल प्रभारी डा. मीनाक्षी यादव ने बताया कि दो दिवसीय कार्यशाला के विषय ऑन सॉफ्ट स्किल्स पर्सनलिटी डेवलपमेंट तथा इंटरव्यू क्रैकिंग स्किल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रचार्या डा. उर्मिला शर्मा ने किया। प्राचार्या डा. शर्मा ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों को भविष्य के लिए प्रेरित करती है, कि वे किस क्षेत्र में जाएंगे तथा किस प्रकार इंटरव्यू का सामना सकते हैं। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि सॉफ्ट स्किल्स,पर्सनालिटी डेवलपमेंट और इंटरव्यू स्किल्स भी नौकरी पाने में अहम भूमिका निभा रही है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता ज्योति शर्मा अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन थी। मुख्य वक्ता ने कहा कि पर्सनालिटी डेवलपमेंट आत्मविश्वास बढ़ता है, लीडरशिप क्वालिटी विकसित करता है, अगर युवा समय रहते सॉफ्ट स्किल्स और पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर ध्यान दें तो इंटरव्यू में सफलता पाना आसान होता है। डा. मीनाक्षी यादव ने मुख्य वक्ता, स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## सट्टा खाईवाली करने का आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कंपनी बाग के पास सट्टा खाईवाली करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कंपनी बाग निवासी सचिन सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खिला रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बोगस ग्राहक बनाकर उसके पास भेज दिया। जैसे ही उसने सट्टे का नंबर लगाया, पुलिस ने उसे तुरंत काबू कर लिया। आरोपी के कब्जा से सट्टा पर्चा व 1920 रुपये बरामद हुए।

**स्पर्धा** उत्साह व जोश के साथ किया एथलेटिक्स मीट का शुभारंभ

# बावल कॉलेज में वार्षिक एथलेटिक्स मीट आयोजित,सौ मीटर रेस में प्रीति रही प्रथम



रेवाड़ी। हाई जंप लगाते हुए प्रतिभागी छात्र तथा विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए अतिथि व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### हमें हमेशा खेल भावना से आगे बढ़ना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

राजकीय कॉलेज बावल में वार्षिक एथलेटिक्स मीट का आयोजन उत्साह और जोश के साथ किया गया। मुख्य अतिथि डा. बलवीर सिंह निदेशक क्षेत्रीय केंद्र भगत फूलसिंह विश्वविद्यालय जींद ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को इस प्रकार के आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और हमें हमेशा खेल भावना से आगे बढ़ना चाहिए। प्राचार्य डा. नमिता ने छात्रों को खेलों के महत्व के बारे में बताया और उन्हें खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। खेल प्रभारी ईश्वर सिंह ने कॉलेज की वार्षिक खेल उपलब्धियों की रिपोर्ट पेश की।

### ये रहे खेल प्रतियोगिताओं के परिणाम

100 मीटर गर्ल्स रेस में प्रीति बीए फर्स्ट ईयर प्रथम, कविता द्वितीय तथा आदित्य व मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर गर्ल्स रेस में प्रीति प्रथम, नीति द्वितीय व कविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो गर्ल्स में करीना ने प्रथम, निकिता ने द्वितीय व व प्रीति ने तृतीय, हाई जंप में कविता ने प्रथम, मुस्कान द्वितीय व शगुन ने तृतीय, लॉन्ग जंप पुरुष वर्ग में अर्जुन सिंह ने प्रथम व नितिन कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बॉयज रेस में कपिल ने प्रथम, ओमवीर ने द्वितीय व इशांत ने तृतीय, शॉर्टपुट गर्ल्स में अंजू ने प्रथम, करीना द्वितीय व दीपिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन डा. किरण शर्मा ने किया। कार्यक्रम में डा. इंद्रजीत सिंह, आरव पवार,डा. नीतू सिंह, डा. पूजा ग्रोवर, सावित्री, डा. निशा, डा. बबीता यादव और सुदेश देवी सहित कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। अतिथियों ने विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित किए।

## खबर संक्षेप



### कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर निबंध लेखन में शीतल बनी विजेता

रेवाड़ी। अहीर कॉलेज में रसायन विभाग और रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता विश्व को बदल रही है' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डा. उर्मिला शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज के समय में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और भविष्य में इसके और भी व्यापक उपयोग होंगे। रसायन विभाग अध्यक्ष रेनू यादव ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को विज्ञान के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी लेखन क्षमता को निखारना है। प्रतियोगिता में जज की भूमिका रजनी देवी और साक्षी यादव ने निभाई। प्रतियोगिता में शीतल यादव ने प्रथम, चंचल ने द्वितीय और लक्ष्यता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की संयोजक डा. कविता यादव ने विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न उपयोगों और इसके भविष्य की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी, ताकि वे इस क्षेत्र में अपने करियर बना सकें।

### मनुष्य जीवन में स्वास्थ्य का सर्वाधिक महत्वः एसपी


रेवाड़ी। जिला पुलिस की ओर से शुक्रवार को रोहड़ाई थाना परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर विद्या सागर ने कैंप का शुभारंभ किया। प्राइवेट अस्पताल से आए वरिष्ठ चिकित्सकों ने पुलिस कर्मचारियों के बीपी, हार्ट व शुगर सहित अन्य जांच करके उचित परामर्श दिया। आई अस्पताल के चिकित्सकों ने पुलिस कर्मचारियों की आंखों की जांच की। शिविर में करीब 30 पुलिस कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस मौके पर अस्पताल से डा. पुरु कपूर, मैनेजर तरुण चौहान व डा. मनोज कुमार सहित नर्सिंग स्टाफ व पुलिस कर्मचारी मौजूद थे। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि मनुष्य के जीवन में स्वास्थ्य का सर्वाधिक महत्व है। स्वास्थ्य के बिना सभी सुविधाएं महत्वहीन हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति तन और मन से स्वस्थ होता है, वह संसार का सबसे सुखी प्राणी है, क्योंकि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। यदि व्यक्ति बीमार हो तो उसे तुरंत योग्य चिकित्सक की मदद लेनी चाहिए।



### स्वरोजगार अवसरों के लिए विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

रेवाड़ी। जिला रोजगार कार्यालय की ओर से शुक्रवार को व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया गया। मार्गदर्शन सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थियों को विज्ञापित रिक्तियों, स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। सहायक जिला रोजगार अधिकारी दिनेश तंवर ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय की ओर से राजकीय आईटीआई रेवाड़ी, राजकीय महिला महाविद्यालय रेवाड़ी, राजकीय बहुतकनीकी संस्थान लिसाना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर, राजकीय आईटीआई सहारनवास व राजकीय आईटीआई कुंड में विद्यार्थियों का व्यवसायिक मार्गदर्शन किया गया। सहायक रोजगार अधिकारी कोसली की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली, राजकीय आईटीआई कोसली तथा राजकीय महाविद्यालय कोसली में विद्यार्थियों को उनके व्यवसायिक लक्ष्य निर्धारण करने व विभिन्न क्षेत्रों में करियर निखारने को लेकर मार्गदर्शन किया गया।

### ज्योति ने असिस्टेंट पीएचडी की पात्रता की हासिल


रेवाड़ी। गांव दड़ौली फतेहपुरी निवासी ज्योति ने हाल ही में घोषित परिणामों में 99.9918 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर असिस्टेंट प्रोफेसर और पीएचडी की पात्रता हासिल कर जिले व परिवार का नाम रोशन किया है। ज्योति ने राव निहाल सिंह पब्लिक स्कूल दड़ौली से 10वीं और 12वीं में टॉप कर मेधा सूची में स्थान बनाया। इसके बाद एसकेजी कॉलेज कंवाली में बीए में टॉप कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वर्तमान में ज्योति आईजीयू मीरपुर से भूगोल में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रही हैं। इस उपलब्धि पर जिला पार्षद सुरेंद्र माड़िया ने ज्योति को सम्मानित किया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि ज्योति की सफलता के पीछे उनके शिक्षकों व माता-पिता का विशेष मार्गदर्शन रहा है। उनके पिता विजयपाल वर्तमान में प्राइवेट कॉलेज में प्रोफेसर है और दादा चुन्नीलाल एक्स सरपंच है।



### गर्ल्स कॉलेज में श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

रेवाड़ी। शुक्रवार को सेक्टर-18 स्थित सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्या डा.ज्योति यादव ने शिविर का शुभारंभ किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. रजनी व डा. रेनू के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं को पांच दलों में विभाजित कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयं सेविकाओं ने कॉलेज परिसर, खेल मैदान व पार्किंग एरिये की साफ सफाई की। स्वच्छता अभियान के माध्यम से छात्राओं ने समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। सायंकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेविकाओं ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी। शिविर के दौरान एनएसएस एडवाइजरी कमेटी की सदस्य डा. स्वाति व डा. सुनीता सहित स्टाफ से डा. यशपाल, डा. जयश्री, डा. योगेश, डा. शर्मिला, डा. शिवानी व डा. अनीता उपस्थित थी।



### कंवाली व डहीना में पहुंचा नशा मुक्ति जागरूकता रथ

रेवाड़ी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत शुक्रवार जागरूकता रथ गांव कंवाली और डहीना में पहुंचा, जहां छात्रों और ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। बीके ऊषा ने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन पर बुरा प्रभाव डालता है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और छात्रों को नशे के खिलाफ सख्त शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशा नहीं करेंगे और नशा करने वालों को भी जागरूक करेंगे। साथ ही समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने का संदेश दिया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर-4 की संचालिका बीके बृजेश ने लोगों को नशे जैसे अवगुणों से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी और इससे दूर रहने की अपील की।